संख्या-4/2016/190जेड/6-सा-1-2016-22जी/2014

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक/सचिव,
उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद,
लखनऊ ।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 16 मार्च, 2016

विषय:- उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद की स्टाफ कार के पेट्रोल व्यय, कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण व अतिथि सत्कार हेतु पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि का आवंटन के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-39/छ:-स्व0 से0/2016, दिनांक- 11-02-2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद के 01-वेतन मद में उपलब्ध बचत में से अतिरिक्त रूप से निम्न मदों में रू0 25,000/- (रू0 पच्चीस हजार मात्र) की धनराशि दिये जाने की स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं :-

लेखा शीर्षक/मद	धनराशि (रू0 में)
2251-सचिवालय सामाजिक सेवायें-आयोजनेत्तर -092-अन्य कार्यालय- 03-उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद से सम्बन्धित अधिष्ठान मुख्यालय- 12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण-20,000 15-गाडियों के अनुरक्षण और पेट्रोल मद की खरीद आदि-80,000	 5,000 20,000
योग	25,000

क्रमश:-2

http://shasanadesh.up.nic.in

2- उक्त स्वीकृति इस शर्त के अधीन है कि चालू वित्तीय वर्ष में इन मदों में पून: अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत नहीं की जायेगी।

3- उपर्युक्त मदों में स्वीकृत धनराशि का व्यय उसी प्रयोजन हेतु की जाय, जिस हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी है।

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय समस्त वित्तीय नियमों एवं स्थायी आदेशों के अनुसार किया जायेगा। धनराशि के प्रदेशन मात्र से ही व्यय करने का अधिकार नहीं हो जाता, जहॉ सक्षम अधिकारी की स्वीकृति अपेक्षित हो, व्यय करने से पूर्व अवश्य प्राप्त कर ली जाय। वर्तमान स्थिति में शासन के व्यय में मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है। अत: व्यय करते समय मितव्ययिता के सम्बन्ध में जारी किये गये और जो भविष्य में जारी हो, शासनादेशों का अनुपालन कड़ाई से किया जाय। मुझे यह भी कहना है कि एक मद में स्वीकृत धनराशि शासन की बिना पूर्व अनुमति के दूसरी मदों में व्यय न की जाय।

5- उपर्युक्त व्यय पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-28 के लेखा शीर्षक "2251-सचिवालय-सामाजिक सेवायें-आयोजनेत्तर-092-अन्य कार्यालय-03-उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद से सम्बन्धित अधिष्ठान मुख्यालय की सुसंगत मदों के नामे डाला जायेगा तथा उक्त अनुदान के ही लेखा शीर्षक 2251-सचिवालयस सामाजिक सेवायें-आयोजनेत्तर-092- अन्य कार्यालय-03- उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद से सम्बन्धित अधिष्ठान मुख्यालय-01 वेतन मद की सम्भावित बचतों से पुनर्विनियोग कर वहन किया जायेगा।

भवदीय,

स्वामी नाथ पाण्डेय
उप सचिव।

....3/.

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:4/2016/190(1)जेड/6-सा-1-2016, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा), उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- वरिष्ठ आडिट ऑफीसर (ऑडिट-प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, सत्यनिष्ठा भवन, 15-थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12
8- आहरण एवं वितरण अधिकारी ।
9- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(स्वामी नाथ पाण्डेय)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in